# न्यायालय, सिविल जज सि0डि0, शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर

## हकियत वाद–01 / 2023

दिनेश सिंह................................वादी

बनाम

धर्मेन्द्र पाण्डेय वगैरह...........................................प्रतिवादीगण

01.09.25 अभिलेख आज वादी की ओर से प्रदर्श करने हेतु दाखिल आवेदन दिनांक–14.07.2025 पर सुनवाई पश्चात् आदेशार्थ प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवादी की ओर से उपरोक्त आवेदन पर अनापत्ति दर्ज की गई है।

अपने आवेदन में वादी ने यह निवेदन किया है कि वर्तमान वाद वादी ने अपनी ओर से विवादित भूमि से संबंधित निबंधित विक्रयविलेख सं0–6664, दिनांक–27.08.2022 धर्मेन्द्र पाण्डेय बनाम शोभा कुमारी की सच्ची प्रतिलिपि दाखिल किया है जो लोक दस्तावेज है, जिसकी छायाप्रति पूर्व से न्यायालय में दाखिल है। अतः उपरोक्त आवेदन को स्वीकृत करते हुए वादी द्वारा दाखिल आवेदनांकित दस्तावेज को प्रदर्श अंकित किए जाने की कृपा प्रदान करें।

सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि वर्तमान वाद वादी साक्ष्य हेतु लंबित है तथा वादी के द्वारा दाखिल दस्तावेज जो लोक दस्तावेज की श्रेणी में आते है जिसके संदर्भ में प्रतिवादी की ओर से अनापत्ति दर्ज है, चूँकि उभय पक्षों के बीच विवादग्रस्त वास्तविक प्रश्नों के अवधारण एवं वाद के अंतिम विनिश्चयन हेतु प्रदर्श अंकन का अवसर दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः वादी द्वारा दाखिल उपरोक्त आवेदन को वाद के अंतिम न्याय–निर्णयन हेतु मो0 500/– रुपये खर्च अदा किए जाने की शर्त के साथ स्वीकृत किया जाता है तथा अभिलेख को वादी साक्ष्य हेतु नियत किया जाता है। कार्यालय आवेदन के आलोक में दस्तावेज को क्रमानुसार प्रदर्श अंकित करें।

वाद दिनांक– 13-10-2025 वास्ते वादी साक्ष्य हेतु।

सिविल जज सि0डि0,
शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर।